महत्वपूर्ण एवं खास

यूपीएससी की दो परीक्षाएं 16 अप्रैल को होगी

सारंगढ़ बिलाईगढ़। संघ लोक सेवा आयोग नई दिल्ली द्वारा आयोजित कम्बाईण्ड डिफेन्स सर्विस परीक्षा (I) 2023 की परीक्षा 16 अप्रैल को तीन पालियों में प्रथम पाली सुबह 9 बजे से 11 बजेतक , द्वितीय पाली दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक एवं तृतीय पाली दोपहर 3 बजे से शाम 5 बजे तक होगी। इसी तरह नेशनल डिफेन्स एकाडमी एण्ड नेवल एकाडमी परीक्षा (I) 2023 की परीक्षा 16 अप्रैल को ही सुबह 10 बजे से 12.30 बजे तक एवं दोपहर 2 बजे से 4.30 बजे तक निर्धारित परीक्षा केन्द्रों में संचालित की जायेगी।

केंद्रीय विद्यालय के कक्षा 1 में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 17 अप्रैल

सारंगढ़ बिलाईगढ़। भारत सरकार के अधीन संचालित केंद्रीय विद्यालय छत्तीसगढ़ के कई जिलों और शहरों में संचालित है। सत्र 2023-2024 में केंद्रीय विद्यालय के कक्षा पहली में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन अंतिम तिथि 17 अप्रैल 2023 को शाम 7 बजे तक जमा कर सकते है। कक्षा पहली के लिए बच्चे की आयु 31 मार्च 2023 की स्थिति में 6 से 8 वर्ष तक की आयु होनी चाहिए। केंद्रीय विद्यालय में ऑनलाइन आवेदन करने के लिए वेबसाइट https://kvsonlineadmission.kvs.gov.in में किया जा सकता है। लॉटरी सिस्टम से प्रथम चयन सूची 20 अप्रैल 2023 जारी की जाएगी। 21अप्रैल से प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ होगी। सीट रिक्त होने पर द्वितीय सूची 28 अप्रैल 2023 को जारी की जाएगी। इसके बाद भी सीट रिक्त होने पर तृतीय सूची 4 मई 2023 को जारी की जाएगी।

मजदूर 50 फीट की ऊंचाई से जमीन पर गिरा, बैलेंस बिगड़ने से गई जान

जांजगीर चांपा (आरएनएस)। जिले के थाना क्षेत्र के चैंपियन फैक्ट्री में 50 फीट की ऊंचाई से गिरने से मजदूर की मौत हो गई और उसे आनन-फानन से अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया है। बताया जा रहा है कि कुरदा गांव निवासी मोतीलाल यादव, चैंपियन फैक्ट्री में मजदूरी करता था और मोतीलाल यादव चैंपियन आज फैक्ट्री में काम करने के लिए गया हुआ था। मजदूर 50 फीट की ऊंचाई में पहुंचा और सेफ्टी बेल्ट अपने शरीर में बांधने के बाद उसके हुक को सपोर्ट में लगा रहा था, तभी उसका बैलेंस बिगड़ा और वह 50 फीट की ऊंचाई से नीचे गिर गया। दुर्घटना में उसके सिर में गंभीर चोट आई थी और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। इधर, घटना के बाद फैक्ट्री में हडक़ंप मच गया और आनन-फानन में मोतीलाल यादव को अस्पताल ले जाया गया, जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। फिलहाल मामले में पुलिस जांच कर रही है।

एक लाख के इनामी नक्सली के साथ 4 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

सुकमा (आरएनएस)। जिले के नक्सल ऑप्स कार्यालय में सीआरपीएफ की 226वीं बटालियन के टूआईसी रण विजय कुमार सिंह व डीएसपी रजत कुमार नाग के समक्ष 01 लाख के इनामी नक्सली के साथ 04 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर दिया है। आत्मसमर्पित नक्सलियों में सुकमा-दंतेवाड़ा जिले की सरहद में सक्रिय 01 लाख के इनामी मिलिशिया कमांडर मुचाकी देवा, मिलिशिया डिप्टी कमांडर मुचाकी जोगा, मिलिशिया सदस्य मुचाकी हुंगा व सोमार सभी कुकानार थाना के रहने वाले हैं। नक्सलियों को आत्मसमर्पण के लिए प्रोत्साहित करने में सीआरपीएफ व छिंदगड़ टीआई की सराहनीय भूमिका रही।

इंटर स्टेट ठग गिरोह का फरार आरोपी गिरफ्तार, कोतवाली पुलिस ने ओडिशा के बेलपहाड़ में पकड़ा

- आरोपियों द्वारा नौकरी दिलाने के नाम पर बेरोजगारों से रजिस्ट्रेशन फीस जमा कराकर दिया करते थे फर्जी ज्वाईनिंग लेटर
- गिरोह के 3 आरोपी पहले ही किए जा चुके हैं गिरफ्तार
- रायगढ़, महासमुंद और ओडिशा के कई जिलों में थे सक्रिय

रायगढ़। कोतवाली पुलिस द्वारा अंतर्राज्यीय ठग गिरोह के फरार आरोपी मोहम्मद फरमान (22 साल) को ओडिशा बेलपहाड से गिरफ्तार कर रायगढ़ लाया गया जिसे आज सीजेएम कोर्ट पेश किया गया है। थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक शनिप रात्रे को फरार आरोपी मोहम्मद फरमान के बेलपहाड़ में देखे जाने की सूचना मुखबिर से प्राप्त होने पर तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन पर पुलिस टीम तैयार कर बेलपहाड़ रवाना किया गया था, जिनके द्वारा सुनियोजित तरीके से आरोपी की घेराबंदी कर गिरफ्तार कर रायगढ़ लाया गया है।

आरोपी मोहम्मद फरमान पिता मोहम्मद सरीफ उम्र 22 साल निवासी बाबापारा गांधीनगर बेलपहाड़ जिला झारसुगुडा (ओडिशा) पूछताछ में अपना अपराध स्वीकार कर बताया कि ये चोरी के अपराध में झारसुगुडा जेल में निरूद्ध था। जेल में इसकी मुलाकात आरोपी प्रेम कुमार उर्फ असलम निवासी कन्नौज (उत्तर प्रदेश) से हुआ। दोनों बेरोजगारों को बड़ी कंपनियों में नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी करने गिरोह तैयार किये। आरोपी मोहम्मद फरमान, उड़िया भाषा का ज्ञान रखता था इसने उड़िया में जॉब वाले पंपलेट तैयार करवाया और उसे बेलपहाड़ और कई स्थानों पर चस्पा कराये, आरोपियों द्वारा हिन्दी वाले पंपलेट को रायगढ़, महासमुंद व अन्य जिलों में चस्पा कराया गया था और रायगढ़, महासमुंद में अपना आफिस खोलकर स्थानीय युवकों को भी ठगी के काम लगा रखे थे।

रायगढ़ कोतवाली में पीड़ित युवती दर्ज करायी थी, गिरोह पर एफआईआर-

थाना सिटी कोतवाली अंतर्गत बैकुंठपुर रायगढ़ में रहने वाली अंशु यादव पिता स्वर्गीय बाल मुकुंद यादव (25 साल) द्वारा 26 नवंबर 2022 को थाना कोतवाली में लिखित आवेदन देकर धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज कराया गया था। पीड़ित युवती बताई कि माह अक्टूबर 2022 में शहर के कई जगह जॉब के पोस्टर दिवाल, खंभो में चिपके हुए थे। पॉम्प्लेट देखकर जानकारी हुआ कि नगर निगम कॉम्प्लेक्स में कंपनी के एक ऑफिस में युवतियों को आफिस रिसेप्निस्ट के जॉब की भर्ती ली जा रही है। जहां जाकर इंटरव्यु दी और सलेक्ट हो गई। ऑफिस जाकर पता किये ऑफिस में एक व्यक्ति अपना नाम प्रेम कुम्हार बताया जो स्वयं को जियो लाइफ इंडिया प्राइवेट लिमिटेड कंपनी का होना बताया और रु.1,549 लेकर बजाज कंपनी का एक जॉइनिंग लेटर दिया जिसमें सैलरी रु.16,500 लिखा हुआ था। इसके साथ इसकी 4 और सहेलियां भी नौकरी शुरू कर दी। प्रेम कुम्हार ने कंपनी के असिस्टेंट मैनेजर सज्जाद अंसारी से मिलाया जो ऑफिस में आकर काम देखता था। इन्हें ट्रेनिंग में बतलाया गया था कि जॉब के नाम पर कॉलर को बजाज कंपनी के तरफ से बात करते हुए रजिस्ट्रेशन फीस 1,549 रुपए लेने के ऑनलाइन स्कैनर भेजकर प्राप्त करना है। 1 महीने बाद प्रेम कुम्हार ऑफिस बंद कर भाग गया, पता चला कि वे कई लोगों से 1549 रुपए फीस लेकर ठगी किया है। जब इन्हें ठगी का पता चला कि उनके द्वारा दिया गया जॉइनिंग लेटर फर्जी है तो कोतवाली थाने में अपराध पंजीबद्ध कराये, आवेदन पर आरोपियों के विरूद्ध अप.क्रमांक 1605/2022 धारा 420, 467, 468, 471, 34 भादवि दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

ऐसे की जाती थी बेरोजगारों से ठगी-

गिरोह के सदस्य बेरोजगार युवकों से धोखाधड़ी करने बकायदा अपना ऑफिस खोल कर शहर के प्रमुख चौराहों पर विकेंसी वाले पंपलेट चस्पा कर अपना नंबर शेयर करते थे। इनके संपर्क में आये युवक/युवतियों को सबसे पहले नौकरी दिलाने के नाम पर करीब रु.1500 रजिस्ट्रेशन फीस लेते और उन्हें फर्जी जॉइनिंग लेटर देकर जॉब के नाम पर ट्रेनिंग कराए जाने का आश्वासन दिया जाता था। ठगों का नेटवर्क उड़ीसा के बाद छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले और महासमुंद जिले में बेरोजगारों के साथ धोखाधड़ी किया गया है।

कोतवाली पुलिस की घेराबंदी -

रायगढ़ कोतवाली पुलिस ने पीड़ितों के बयान दर्ज कर स्थानीय आफिस में काम कर रहे लोगों का पता लगायी जिसमें आरोपी सज्जाद अंसारी जो रायगढ़ में मुर्गी फार्म का व्यवसाय करता था उसके इस गिरोह से जुड़े होने की जानकारी मिली। फरार हुये आरोपी सज्जाद अंसारी को 23 जनवरी को कोतवाली पुलिस द्वारा पकड़ा गया जिसने अपने साथी आरोपी प्रेम कुम्हार (असलम अंसारी) तथा फरमान के साथ रायगढ़ आफिस में लड़के-लड़कियों से रजिस्ट्रेशन फीस लेकर उन्हें ट्रेनिंग दिये जाने आश्वासन देना बताया।

अन्य फरार अरोपियों की पतासाजी दौरान कोतवाली पुलिस को महासमुंद के बागबाहरा में भी इसी प्रकार के संदिग्ध कंपनी की जानकारी मिली जिस पर तत्काल कोतवाली पुलिस बागबहरा में दबिश देकर आरोपी प्रेम कुमार उर्फ समीर उर्फ असलम और उसके सहयोगी राज उर्फ आजाद मोहम्मद को पकड़ा गया। विवेचना क्रम में आज आरोपी मोहम्मद फरमान को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों द्वारा ठगी कर कमाए गए रुपए अपनी विलासिता एवं खाने-पीने में खर्च करना बताए हैं।

गिराह के गिरफ्तार आरोपी- (1) प्रेम कुमार उर्फ असलम पिता इस्लाम्युउद्दीन उम्र 28 साल निवासी ग्राम मुरादगंज थाना गुरसाईगंज जिला कन्नौज (उत्तर प्रदेश) (2) आजाद मोहम्मद उर्फ राज पिता जहूर अली उम्र 22 साल निवासी ग्राम ऐंटी थाना सचेंडी (उत्तर प्रदेश) (3) सज्जाद अंसारी पिता साहिद अंसारी 24 साल निवासी बाजीनपाली थाना जूटमिल, रायगढ़ (छत्तीसगढ़) (4) मोहम्मद फरमान पिता मोहम्मद सरीफ उम्र 22 साल निवासी बाबापारा गांधीनगर बेलपहाड़ जिला झारसुगुडा (ओडिशा)

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार के दिशा निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजय महादेवा व नगर पुलिस अधीक्षक अभिनव उपाध्याय के उचित मार्गदर्शन पर बड़ी कंपनियों में नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह का पर्दाफाश करने में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक शनिप रात्रे, प्रधान आरक्षक नंद कुमार सारथी, हेमन पात्रे , आरक्षक मनोज पटनायक एवं हेम सागर पटेल की अहम भूमिका रही है।

दो ट्रेलर में भिड़त, एक चालक की मौत

कोरबा (आरएनएस)। कोरबा अंबिकापुर नेशनल हाईवे संख्या 130 बी पर आज सुबह हुए हादसे में एक वाहन चालक की दर्दनाक मौत हो गई और दूसरा चालक घायल हो गया। रंबल स्पीड ब्रेकर पर वाहन की भिड़ंत हुई। घटना की जानकारी होने पर बांगो पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। केबिन में फंसे चालक के शव को निकालने के साथ उसे पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। घटनाक्रम में अगली कार्रवाई की जा रही है।

कोरबा जिला मुख्यालय से 75 किलोमीटर दूर यह हादसा नेशनल हाईवे पर आज सुबह 5 बजे के आसपास हुआ। घटनास्थल पोड़ी उपरोड़ा विकासखंड के अंतर्गत चोटियां गांव से 5 किलोमीटर पहले बताया गया है। इस क्षेत्र को दुर्घटनाजन्य मानते हुए कुछ समय पहले ही यहां पर रंबल स्पीड ब्रेकर की व्यवस्था की गई थी ताकि संभावित हादसों पर ब्रेक लगाया जा सके। बांगो पुलिस थाना प्रभारी अभय सिंह बैंस ने बताया कि कटघोरा से अंबिकापुर की तरफ 2 ट्रेलर वाहन जा रहे थे। स्पीड ब्रेकर आने पर आगे चल रहे वाहन के चालक ने स्पीड कम की। इस दौरान इसके ठीक पीछे आ रहे एक अन्य ट्रेलर के चालक ने मामले को समझा नहीं और इसके नतीजे यह वाहन अपने आगे मौजूद वाहन से गिर गया। इस दौरान वाहन जबरदस्त तरीके से क्षतिग्रस्त हो गया और चालक केबिन में फ़सने के साथ दब गया। उसकी मौत हो गई।

हाईवे पर आवाजाही करने वाले लोगों को इस बारे में जानकारी होने पर उन्होंने पुलिस को अवगत कराया। इसके बाद हाईवे पेट्रोलिंग वाहन के साथ-साथ बांगो पुलिस की टीम घटनास्थल पर पहुंची। स्थिति का जायजा लेने के साथ हाइड्रा की मदद से दुर्घटनाग्रस्त वाहन को यहां से हटाने और उसमें फंसे हुए चालक को निकालने की कार्रवाई की गई। थाना प्रभारी ने बताया कि घटना में मृत चालक के परिजनों को इस बारे में अवगत करा दिया गया है। उनके आने की प्रतीक्षा की जा रही है। इसके बाद प्रकरण में अगली कार्रवाई की जाएगी।

छत्तीसगढ़ सड़क सुरक्षा लीड एजेंसी द्वारा किया गया दुर्घटनाजन्य स्थल निरीक्षण : दिए गए आवश्यक दिशा निर्देश

रायगढ़। राज्य एवं जिला स्तर पर सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण एवं सड़क सुरक्षा उपायों की स्तिथि के आकस्मिक निरीक्षण के क्रम में आज जिला परिक्षेत्र में अंतर्विभागीय लीड एजेंसी सड़क सुरक्षा छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष एवं ए आई जी ट्रैफिक संजय शर्मा द्वारा रायपुर से रायगढ़ होकर सरगुजा मार्ग मे पड़ने वाले सभी ब्लैक स्पॉट का बारीकी से निरीक्षण कर किए जाने वाले सुधारात्मक उपायों के बारे में संबंधित विभागो को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।

ब्लैक स्पॉट में किए जाने वाले सुधारात्मक उपायों के अनुक्रम में निम्नानुसार सलाह दी गई..

छाता मुड़ा चौक :-

(1) चौक के चारों ओर मार्ग में रंबल स्ट्रिप ,ट्रैफिक काल्मिंग के उपाय।

(2) चौक के चारों रोड में 50 मीटर तक एवम विशेषकर चौराहे में अवैध पार्किंग के विरूद्ध सतत कार्यवाही कर निरुत्साहित किया जाना।

(3) .विभिन्न मार्गो से आने जाने वाले यातायात के विधिवत सर्वे के आधार पर ट्रैफिक सिग्नल लाइट के समय को सेट किया जाकर संचालित करना।

उर्दना तिराहा

(1) उक्त पॉइंट में प्रकाश की व्यवस्था किया जाना।।

(2) तिराहा में गड्ढों को भरकर चौड़ीकरण किया जाना साथ ही उक्त पॉइंट पर रोटरी का निर्माण कराया जाना। (3) तिराहा पॉइंट पर ट्रैफिक सिग्नल एवं ट्राफिक कमिंग के उपाय किया जाना। (4) समुचित रोड़ सेफ्टी साइनेज लगाया जाना।

अध्यक्ष महोदय दुर्घटनाजन्य सड़क खंडों का निरीक्षण करते हुए हमीरपुर तमनार मार्ग एवम धरमजयगढ़ मार्ग में पड़ने वाले दुर्घटनाजन्य स्थल सिसरिंगा घाट का निरीक्षण कर जिला सरगुजा के लिए रवाना हुए हैं।

मेधावी विद्यार्थियों को प्रदान किए जाएंगे 62 स्वर्ण, 140 रजत एवं 23 कांस्य पदक

- कृषि विश्वविद्यालय का नवम् दीक्षांत समारोह 18 को
- राज्यपाल की अध्यक्षता में आयोजित दीक्षांत समारोह के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री होंगे
- साढ़े पांच हजार से अधिक विद्यार्थियों को उपाधियां प्रदान की जाएंगी

रायपुर (आरएनएस)। इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर का नवम् दीक्षांत समारोह 18 अप्रैल, 2023 को आयोजित किया जाएगा। कृषि महाविद्यालय रायपुर के सभागार में प्रात: 11 बजे से आयोजित इस दीक्षांत समारोह में लगभग 6 हजार विद्यार्थियों को उपधियाँ प्रदान की जाएगी। राज्यपाल एवं इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कुलाधिपति विश्वभूषण हरिचंदन की अध्यक्षता में आयोजित नवम् दीक्षांत समारोह के मुख्य अतिथि प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेष बघेल होंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में कृषि एवं जैव प्रौद्योगिकी मंत्री रविन्द्र चौबे उपस्थित रहेंगे। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद नई दिल्ली के पूर्व माहानिदेशक डॉ. त्रिलोचन महापात्रा दीक्षांत उद्बोधन देंगे। कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल विद्यार्थियों को दीक्षोपदेश देंगे। दीक्षांत समारोह के दौरान मेधावी विद्यार्थियों को 62 स्वर्ण, 140 रजत एवं 23 कांस्य पदक प्रदान किये जाएंगे। इस दौरान भव्य दीक्षांत शोभायात्रा भी निकाली जाएगी।

दीक्षांत समारोह में उपाधि प्राप्त करने के लिए स्नातक उत्तीर्ण 4 हजार 522, स्नातकोत्तर उत्तीर्ण 1 हजार 158 तथा शोध कार्य पूर्ण कर चुके 247 विद्यार्थियों ने पंजीयन कराया है। इस दीक्षांत समारोह में शैक्षणिक वर्ष 2015-16 से लेकर वर्ष 2021-22 तक कृषि विश्वविद्यालय के उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को पदक एवं उपाधियाँ वितरित की जाएगी। दीक्षांत समारोह में उपाधि प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के लिए अकादमिक परिधान निर्धारित किया गया है। छात्र कोसे रंग अथवा ऑफ वाईट रंग का कुर्ता तथा सफेद पायजामा पहनेंगे, वहीं छात्राएं कोसे रंग या ऑफ वाईट रंग की साड़ी पहनेंगी। दीक्षांत समारोह के अतिथि कोसे रंग का जैकेट पहनेंगे। दीक्षांत समारोह में इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, प्रबध मण्डल, विद्या परिषद तथा प्रशासनिक परिषद के सदस्यों सहित विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित समस्त महाविद्यालयों के अधिष्ठाता एवं विभागाध्यक्ष भी शामिल होंगे। 17 अप्रैल को दीक्षांत समारोह की रिहर्सल की जाएगी, जिसमें उपाधि प्राप्त करने वाले सभी विद्यार्थी अनिवार्य रूप से उपस्थित रहेंगे।

संयुक्त टीम द्वारा कोसीर में बाल विवाह को रोका गया

सारंगढ़ बिलाईगढ़। महिला एवं बाल विकास विभाग सारंगढ़, चाइल्ड लाइन रायगढ़, जिला बाल संरक्षण इकाई रायगढ़ और पुलिस के संयुक्त टीम द्वारा सारंगढ़ विकासखंड के ग्राम कोसीर में बाल विवाह को रोका गया। महिला एवं बाल विकास विभाग परियोजना कोसीर के अधिकारियों द्वारा वर वधु के पालकों को कानून के अनुसार वर की 21 वर्ष और वधु की 18 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर विवाह करने के लिए समझाया गया। यदि बच्चे अगर किसी मुसीबत में हों तो वे घबराएं नहीं, चाइल्ड लाइन सेवा के निशुल्क नंबर 1098 पर कॉल करें और अपनी समस्या बताएं। जन्म से 18 साल तक के किसी बच्चे का शोषण, मारपीट, घर से भगाना, ढाबा और दुकानों पर बालश्रम, भिक्षावृत्ति, बाल विवाह, मानव तस्करी आदि बाल अपराध है। सभी नागरिक चाइल्ड लाइन नंबर 1098 पर फोन करके बाल अपराध को रोक सकते हैं।

सूरज ने तपिश बढ़ाई, तापमान 40 डिग्री पार

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ में हवा की दिशा अब उत्तर पश्चिम हो गई है, गर्म हवाएं चलने से उमस व गर्मी भी बढऩे लगी है। रायपुर सहित प्रदेश भर में अधिकतम तापमान में बढ़ोतरी का सिलसिला भी शुरू हो गया है।

रायपुर में अधिकतम तापमान 40.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। प्रदेश भर में एआरजी सारंगढ़ में सर्वाधिक अधिकतम तापमान 41.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

हवा की दिशा अब उत्तर पश्चिम हो गई है,इसके चलते ठंडी हवाएं आनी बंद हो गई है और गर्म हवाएं चलने लगी है। इससे दोपहर की धूप फिर से जलने लगी है और उमस भी बढ़ गई है। बुधवार को रायपुर का अधिकतम तापमान सामान्य से एक डिग्री सेल्सियस ज्यादा रहा।

मौसम विभाग का अनुमान है कि आने वाले पांच से छह दिनों में अधिकतम तापमान में तीन डिग्री सेल्सियस तक की बढ़ोतरी संभावित है। अधिकतम तापमान के साथ ही न्यूनतम तापमान में भी बढ़ोतरी आएगी। 20 अप्रैल तक मौसम का मिजाज ऐसा ही रहेगा और उसके बाद मौसम के मिजाज में थोड़ा बदलाव देखने को मिल सकता है। मौसम विज्ञानियों का कहना है कि अगले माह मई में तो गर्मी में और बढ़ोतरी की संभावना है।

गर्मी बढ़ते ही अब आइसक्रीम व कोल्ड्रिंक्स की बिक्री भी बढऩे लगी है। बाजार में भी कंपनियों द्वारा नए-नए फ्लेवर वाले ठंडे पेय पदार्थ लाए गए है,जो काफी पसंद किए जा रहे है। आइसक्रीम के साथ ही कुल्फी की मांग भी इन दिनों काफी ज्यादा बनी हुई है।

पीएम फसल बीमा योजना के उत्कृष्ट क्रियान्वयन के लिए छत्तीसगढ़ राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित : मुख्यमंत्री एंव कृषि मंत्री ने दी बधाई एवं शुभकामनाएं

- छत्तीसगढ़ फसल बीमा के क्रियान्वयन में देश के अग्रणी राज्यों में शुमार
- भारत सरकार के कृषि सचिव ने छत्तीसगढ़ के कृषि विभाग को उत्कृष्टता पुरस्कार प्रदान किया

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के बेहतर एवं सफल क्रियान्वयन के लिए भारत सरकार के कृषि एवं कृषक कल्याण विभाग द्वारा छत्तीसगढ़ को उत्कृष्ट पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं कृषि मंत्री रविन्द्र चौबे ने इस सम्मान के लिए कृषि विभाग के अधिकारी-कर्मचारी को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री फसल बीमा के क्रियान्वयन में छत्तीसगढ़ देश भर में अग्रणी राज्यों में शुमार है। भारत सरकार के कृषि एवं कृषक कल्याण विभाग द्वारा आज राजधानी रायपुर में आयोजित 9 वी राष्ट्रीय समीक्षात्मक कार्यशाला भारत सरकार के सचिव मनोज आहूजा ने छत्तीसगढ़ के कृषि उत्पादन आयुक्त डॉ. कमलप्रीत सिंह को उत्कृष्ट पुरस्कार से सम्मानित करते हुए प्रशस्ति पत्र सौंपा। इस मौके पर कृषि विभाग के विशेष सचिव डॉ. अय्याज एफ. तम्बोली, संचालक कृषि रानू साहू, संचालक उद्यानिकी विभाग व्ही. माथेश्वरण, अपर संचालक उद्यानिकी भूपेन्द्र पाण्डेय और संयुक्त संचालक कृषि बी.के मिश्रा भी उनके साथ थे। राष्ट्रीय समीक्षात्मक कार्यशाला में जानकारी दी गई कि भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का छत्तीसगढ़ में राष्ट्रीय फसल बीमा पोर्टल की स्वचलित गणना और निपटान के लिए डिजीक्लेम मॉड्यूल के सफलतापूर्वक क्रियान्वयन किया गया है। साथ ही पोर्टल दर्ज करने और बीमा का लाभ किसानों तक पहुंचाने उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। छत्तीसगढ़ में इस योजना के तहत वर्ष 2022-23 में 6 लाख 77 हजार 558 पात्र किसानों को फसल बीमा का लाभ दिलाया गया है। किसानों को बीमा राशि के रूप में 192.41 करोड़ रूपए की राशि दी गई है।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480